मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-92
14/02/2025

# मुख्यमंत्री ने अरवल जिले को दी लगभग 111 करोड़ रुपये की सौगात, 144 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 14 फरवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में आज अरवल जिले को 11065.77 लाख रुपये की सौगात दी, कुल 144 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अरवल जिला के करपी प्रखंड स्थित ग्राम महावीरगंज में 350.37 लाख रुपये की लागत से स्लूईस गेट एवं पईन के जीर्णोद्धार कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने महावीरगंज स्लूईस गेट एवं पईन के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्मयमंत्री ने कहा कि यहां स्लूईस गेट और पईन के जीर्णोद्धार का कार्य काफी अच्छे ढंग से करा दिया गया है। इस काम के हो जाने से स्थानीय किसानों को पटवन में काफी सहूलियत मिलेगी तथा पैदावार भी बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली योजना के अंतर्गत कराए गए बेलखारा आहर–पईन सिंचाई योजना के जीर्णोद्धार कार्य तथा छठ घाट का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि बेलखारा आहर–पईन की उड़ाही कराई गई है। इस आहर की लंबाई 1800 मीटर है, जिसकी सिंचाई क्षमता 300 हेक्टेयर है। बेलखारा आहर–पईन सिंचाई योजना से यहां के तीन गांव– बेलखारा, राधे बिगहा और शेखपुरा के लोग लाभान्वित होंगे। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां काफी सुंदर छठ घाट बन गया है, इससे छठ महापर्व के दौरान व्रतियों के साथ–साथ स्थानीय लोगों को भी काफी सुविधा होगी। आहर की उड़ाही हो जाने से स्थानीय किसान लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने 504.72 लाख रुपये की लागत से राजकीय डिग्री कॉलेज, अरवल के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घघाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस डिग्री कॉलेज में को–एजुकेशन की सुविधा है, इसमें 80 प्रतिशत छात्राएं, जबकि 20 प्रतिशत छात्र नामांकित हैं। मुख्यमंत्री ने राजकीय डिग्री कॉलेज के प्रांगण से अरवल जिला अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के द्वारा उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण उद्यान, बेलखारा के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस ग्रामीण उद्यान की प्राक्कलित राशि 14.97 लाख रुपये है। जल–जीवन–हरियाली योजना अंतर्गत जीर्णोद्धार कराए गए सूर्य मंदिर, छठ घाट तथा पोखरा का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कलाकारों ने बिहार गौरव गान पर अपनी प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां ग्रामीण उद्यान, सूर्य मंदिर, छठ घाट ये तीनों आसपास स्थित है, इससे यहां का दृश्य काफी आकर्षक हो गया है। यहां आने वाले लोग मंदिर में पूजा–अर्चना करने के साथ–साथ उद्यान में बैठना भी उन्हें अच्छा लगेगा। मुख्यमंत्री ने 75 लाख रुपये की लागत से हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर, बेलखारा का रिमोट के माध्यस से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण कर जांच घर, दवा वितरण केंद्र, वार्ड एवं मॉडल टीकाकरण केंद्र का जायजा लिया। अधिकारियों ने हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर,

बेलखारा में मरीजों के लिए उपलब्ध कराई गई चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने बेलखारा में 9.95 लाख रुपये की लागत से निर्मित कराए गए खेल परिसर का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत भी की। खिलाड़ियों ने खेल परिसर बनाने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया तथा ताली बजाकर उनका अभिनंदन किया। जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुये कहा कि आप सबसे मिलकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। आप सभी जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़कर काफी अच्छा काम कर रही हैं। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या काफी कम थी। हमलोगों ने वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या बढ़ाने का काम शुरू किया। हमलोगों ने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका दिया और उनसे जुड़ी महिलाओं को अब हम सब जीविका दीदी कहते हैं। हमलोगों के इस काम से प्रभावित होकर उस समय की तत्कालीन केन्द्र सरकार ने इसका नाम देश भर में आजीविका किया। हम जहां भी जाते हैं, जीविका दीदियों से जरूर मिलते हैं। जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलायें आत्मनिर्भर हो रही हैं। उनके पहनावे एवं बोलचाल में भी बदलाव आया है। बिहार में अब जीविका दीदियों की संख्या 1 करोड़ 35 लाख हो गयी है। हमलोगों ने शहरी क्षेत्रों में भी जीविका स्वयं सहायता समूह का गठन कराना शुरू किया है। अब तक साढ़े तीन लाख महिलायें स्वयं सहायता समूह से जुड़ चुकी हैं। हमलोग महिलाओं के उत्थान के लिये निरंतर काम कर रहे हैं। आप सभी बुलंदी से रहिये, जो भी जरूरतें होगी, उसे पूरा किया जायेगा। जिलाधिकारी को निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदियों की जो भी समस्यायें होंगी, उसका तत्काल निराकरण करें। आप सभी को बहुत—बहुत बधाई।

स्टॉल अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोर्पाजन योजना अंतर्गत 792 लाभार्थियों को जीविकोपार्जन संवर्द्धन हेतु 5 करोड़ 70 लाख 40 हजार 879 रुपये का सांकेतिक चेक, जीविका संपोषित 3515 स्वयं सहायता समूह को बैंक ऋण वितरण के तहत 85 करोड़ 85 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, जल—जीवन—हरियाली अभियान के तहत सिमुआरा ग्राम में जीर्णोद्धार किए गए तालाब गंगा जीविका महिला ग्राम संगठन को आवंटित तालाब की चाबी लाभूकों को प्रदान किया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 1 लाख रुपये के अनुदान राशि का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत बिहार स्टार्ट—अप हेतु 4 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत 1 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती प्रमाण—पत्र, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि लाभुकों को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने अरवल नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तावित बस स्टैंड से बैदराबाद तक निर्मित होने वाले पथ का स्थल निरीक्षण किया, जिसकी कुल लंबाई 4.45 किलोमीटर तथा प्राक्कलित राशि 460.965 लाख रुपये है। इस पथ का निर्माण कार्य पूरा हो जाने से अरवल बाजार, मलही पट्टी एवं बैदराबाद बाजार की लगभग 50 हजार आबादी तथा बैदराबाद बाजार के व्यवसायी वर्ग भी लाभान्वित होंगे, इससे अरवल एवं बैदराबाद बाजार में जाम की समस्या से भी लोगों को निजात मिलेगी। साइट मैप के माध्यम से अधिकारियों ने प्रस्वावित पथ एवं अरवल बस स्टैंड के संबंध में मुख्यमत्री को विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अरवल जिला के प्रभारी मंत्री श्री हरि सहनी, विधान पार्षद श्रीमती कुमूद वर्मा, पूर्व विधायक श्री सत्यदेव कुशवाहा, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान

सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मगध प्रमंडल के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मीणा, पुलिस महानिरीक्षक मगध प्रक्षेत्र श्री क्षत्रनील सिंह, अरवल के जिलाधिकारी श्री कुमार गौरव, अरवल के पुलिस अधीक्षक डॉ0 इनाम उल हक मेंगनू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******